कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री सचिन शर्मा शिव कुँज–76 चौधरी कॉलोनी, आगरा रोड दौसा–303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 47/2019

निर्णय दिनांक : 05.11.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/2354 दिनांक 10.10.2019 एवं स्मरण पत्रांक 2520 दिनांक 30.10.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), दौसा, जिला दौसा के पत्रांकःपीए/एफ–42/आरटीआई/2019/3582 दिनांक 05.11.2019 द्वारा अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवाते हुए पृष्ठांकित पत्र इस कार्यालय को भिजवाया गया है उक्त पत्रादि पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को आवेदन के संबंध मे सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Date: 2019.11.15 10:05:56 IST
Reason: SelfAttested